



नवभारत

छिंदवाड़ा, रविवार, 13 सितंबर 2026




# कागजों में सड़क, जमीन पर गायब

- 5.95 लाख की सीसी रोड स्वीकृत, 3.60 लाख से अधिक की निकासी
- हर्राढाना में सड़क का नामोनिशान नहीं

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 सितंबर. सरकारी रिकॉर्ड में सड़क निर्माण का काम स्वीकृत है, राशि भी निकल चुकी है, लेकिन जमीन पर सड़क का एक टुकड़ा तक नजर नहीं आ रहा। तामिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत साजकूही के हर्राढाना गांव में सीसी रोड निर्माण के नाम पर सामने आया यह मामला पंचायतों में विकास कार्यों की निगरानी और भुगतान व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।**

जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्यवहार के घर से बलराम के घर तक नाली सहित सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 95 हजार रुपये स्वीकृत किए गए थे। ग्रामीणों का दावा है कि स्वीकृति के बाद लंबा समय बीत जाने के बावजूद मौके पर न सड़क बनी और न नाली का निर्माण हुआ। इसके विपरीत निर्माण सामग्री के नाम पर 3 लाख 60 हजार 700 रुपये से अधिक की राशि निकाले जाने की बात सामने आई है।



## सड़क के बिना सामग्री का भुगतान कैसे?

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत रिकॉर्ड में सीमेंट, गिट्टी और रेती जैसी निर्माण सामग्री की खरीदी दर्शाकर भुगतान किया गया, जबकि मौके पर निर्माण कार्य शुरू तक नहीं हुआ। कुछ ग्रामीणों ने भुगतान दूसरी पंचायत के सहायक सचिव से जुड़ी कथित फर्म के नाम पर किए जाने का आरोप भी लगाया है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।मामले का सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि सड़क निर्माण के लिए लाखों रुपये की सामग्री खरीदी गई थी, तो वह सामग्री गई कहां? और यदि सामग्री मौके पर उपलब्ध नहीं है, तो भुगतान किस आधार पर किया गया?

## बारिश में ग्रामीणों का रास्ता बंद

हर्राढाना के ग्रामीणों के अनुसार गांव का कच्चा रास्ता बारिश के दिनों में दलदल में बदल जाता है। सड़क पर पानी और कीचड़ जमा होने से पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पंचायत के जिम्मेदारों से सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि राशि नहीं आई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार 3.60 लाख रुपये से अधिक की निकासी हो चुकी है, तो फिर राशि नहीं आने का तर्क समझ से परे है। इससे भुगतान प्रक्रिया और पंचायत स्तर पर कार्यों की वास्तविक स्थिति को लेकर संदेह और गहरा गया है।

## सचिव के जवाब ने बढ़ाई उलझन

मामले में पंचायत सचिव से जानकारी लेने पर कथित तौर पर जवाब दिया गया कि राशि निकाल ली गई है और जब लगेगा, तब रोड बना देंगे। यह जवाब अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। निर्माण कार्य की स्वीकृति, राशि आहरण और स्थल पर काम शुरू होने के बीच आखिर कौन-सी प्रक्रिया लंबित है? क्या बिना निर्माण के भुगतान किया जा सकता है? यदि भुगतान हो चुका है, तो उसका भौतिक सत्यापन किसने किया?

## जांच में सामने आ सकते हैं कई तथ्य

मामले की निष्पक्ष जांच में माप पुस्तिका, तकनीकी स्वीकृति, बिल-वाउचर, सामग्री खरीदी के दस्तावेज, भुगतान प्राप्तकर्ता, जियोटैग फोटो और कार्यस्थल का भौतिक सत्यापन महत्वपूर्ण कड़ियां साबित हो सकते हैं। यदि रिकॉर्ड में सामग्री खरीदी और भुगतान दर्ज है, तो मौके पर उसकी उपलब्धता की जांच भी जरूरी होगी।ग्रामीणों ने जिला पंचायत और जनपद पंचायत के अधिकारियों से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए। साथ ही भुगतान की जांच कर आरोप सही पाए जाने पर जिम्मेदारों से राशि की वसूली और नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# अज्ञात कारणों के चलते युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 सितंबर.** कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के रंगीनाखापा गांव के रहने वाले युवक की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार समल पिता सेवकराम उइके उम्र 80 साल रंगीन खापा का रहने वाला है। बीते दिनों वह घर में अकेला था। घर के सभी सदस्य बाहर गए हुए थे। शाम को परिवार के सदस्य घर लौटे। उन्होंने देखा वह बेहोषी हालत में पड़ा हुआ है। परिजनों उसे हिलाया डुलाया। वह हिल-डुल नहीं पा रहा था। परिजनों को लगा कि उसे लकवा लग गया है। वह तत्काल उसे दवा खिलाने के लिए चांद के पास किसी गांव में लेकर पहुंचे। जहां दवा खाने के बाद भी उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। उसके बाद उसे घर लेकर आ गए। घर लाने के बाद 2 बजे रात में उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


Digital India Power To Empower | CSC e-Governance Services India Limited, | CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk

**"Applications Invited for District Coordinator (DC) Posts"**

Applications are invited from eligible candidates for engagement as District Coordinators (DCs) on a contractual basis for the following districts in Madhya Pradesh:

**District-wise Vacancies (1)**
**Dhar, Niwari, Damoh, Anuppur, Agar Malwa, Narsinghpur, Gwalior, Alirajpur.**

**Selection Process**
Eligible candidates may apply online through weblink https://csc.gov.in/careers or QR Code →
Shortlisted candidates will be informed separately regarding the date, time and venue of the interview through email/ phone.
✓ **Last date of Application is 28.09.2026**

**Scan to Apply Online & View Detailed Eligibility Criteria:**

✓ **Disclaimer:** CSC e-Governance Services India Limited reserves the right to modify, postpone or cancel the recruitment process without assigning any reason.


## कांग्रेस सेवादल ने मंदिर परिसरों में चलाया स्वच्छता अभियान, दिया स्वच्छता का संदेश

**छिन्दवाड़ा.** जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में शनिवार को शहर के अनगढ़ हनुमान मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर एवं नगर पालिक निगम के शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह 9 बजे शुरू हुए अभियान में सेवादल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसरों में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।अभियान में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष सुरेश कपाले सहित कांग्रेस सेवादल, नगर कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस सेवादल एवं कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 सितंबर.** न्यायालय श्रीमती तृप्ति पाण्डे विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) छिन्दवाडा ने कोतवाली थाना की ओर से प्रस्तुत प्रकरण में आरोपी को सश्रम कारावास एवं 4500 रू अर्थदंड से दंण्डित किया। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है नाबालिग के परिजन द्वारा दिनांक 06-08-2025 को थाना कोतवाली में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि नाबालिग पीडिता जिसकी उम्र 9 वर्ष 11 माह की शाम करीब 06=30 बजे घर के बाहर खेल रही थी थोड़ी देर बाद परिजनों को नाबालिग पीडिता घर के बाहर नहीं दिखी इसके नाबालिग पीडिता के चिल्लाने की आवाज आरोपी के घर से आई तो नाबालिग पीड़िता के परिजन आरोपी के घर गये जहां उन्होंने देखा कि आरोपी ने नाबालिग पीडिता के साथ दुष्कर्म की घटना कारित कर चुका था। इसके बाद नाबालिग पीडिता ने उसके साथ हुई घटना के बारे में परिजनों को बताई थी। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 64 (2) (i), 64 (2) (k), 65(2), 127 (2) बीएनएस एवं 5(m), 6 पॉक्सो एक्ट अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) छिन्दवाडा में प्रस्तुत किया गया जहां विचारण के दौरान आई मेडिकल साक्ष्य, वैज्ञानिक साक्ष्य तथा अभियोजन पक्ष तथा बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के उपरांत न्यायालय द्वारा आरोपी को धारा 65(2), 64(2) (k), 127(2) बीएनएस एवं धारा 5 (m) (k)/6 पॉक्सो एक्ट 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 4500 रू अर्थदंड से दंण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार उईके द्वारा पैरवी की गयी एवं विवेचना एकता सोनी उप. निरी. थाना कोतवाली द्वारा की गई।

## माटी गणेश-सिद्ध गणेश कार्यशाला सम्पन्न

**छिंदवाड़ा.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के तहत जन अभियान परिषद के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आज विकासखंड अमरवाड़ा के ग्राम पिपरिया भानु में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक अमरवाड़ा सुश्री वंदना राकेशिया के मार्गदर्शन में तथा उग्र प्रभा जन कल्याण समिति के अध्यक्ष नीलेश डेहरिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

# पौनार के दुर्गा मंदिर में चोरी, मूर्ति खंडित करने का आरोप

- बाजार चौक स्थित मंदिर में वारदात से ग्रामीणों में आक्रोश पुलिस ने शुरू की जांच

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 सितंबर. थाना क्षेत्र के ग्राम पौनार के बाजार चौक स्थित दुर्गा मंदिर में बीती रात अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि चोरी की वारदात के दौरान माता दुर्गा की मूर्ति को भी खंडित किया गया।**

सुबह मंदिर पहुंचने पर घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। धार्मिक स्थल में चोरी और मूर्ति को नुकसान पहुंचाए जाने की खबर से लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

ग्रामीणों के अनुसार, सुबह जब लोग पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो वहां सामान अस्त-व्यस्त मिला। मंदिर में चोरी होने के साथ ही मूर्ति को नुकसान पहुंचाए जाने की बात सामने आई। इसके बाद ग्रामीणों ने आसपास के लोगों को सूचना दी। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। घटना को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर में चोरी के साथ धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाने की घटना गंभीर है। इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। ग्रामीणों ने मामले में शामिल आरोपियों की जल्द पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## थाने पहुंचकर दी शिकायत

घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण अमरवाड़ा थाने पहुंचे और पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।पुलिस द्वारा मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की दिशा में भी जांच की जा रही है, ताकि वारदात से जुड़े संदिग्धों की पहचान हो सके। फिलहाल पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## वार्ड 07 की प्रगति कॉलोनी में किया गया 500 पौधों का रोपण

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं शहर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अमृत हरित महाअभियान तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत शनिवार, 12 सितंबर को वार्ड क्रमांक 07 स्थित महाराजा लॉन के पीछे, पीजी कॉलेज झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र एवं प्रगति कॉलोनी के पास वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के ध्येय से आयोजित इस कार्यक्रम में नगर निगम प्रशासन, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता चैंपियंस एवं स्कूली बच्चों ने मिलकर 500 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी नागरिकों व विद्यार्थियों ने रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल व सुरक्षा का संकल्प लिया।

# ब्लड स्टोरेज यूनिट हर्रई से सिकल सेल पीड़ित बच्ची को मिला जीवनदान

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 सितंबर. सिविल अस्पताल हर्रई में संचालित ब्लड स्टोरेज यूनिट के माध्यम से सिकल सेल बीमारी से पीड़ित 13 वर्षीय कुमारी सावित्री कांवरे, पिता रूपसिंह, निवासी ग्राम पिपरिया नांदना को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर जीवनदान दिया गया।** उल्लेखनीय है कि 19 सितंबर 2025 को अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह द्वारा ब्लड स्टोरेज यूनिट का शुभारंभ किया गया था। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 24 लोगों ने रक्तदान किया। इसके पश्चात लाइसेंस की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जो लगभग एक वर्ष में पूर्ण हुई। 10 सितंबर 2026 को सिविल अस्पताल हर्रई में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 48 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इसी रक्त संग्रह की उपयोगिता अगले ही दिन सामने आई, जब सिकल सेल पीड़ित सावित्री कांवरे के पिता ने बीएमओ डॉ. रानी वर्मा से रक्त चढ़ाने के लिए सहायता का अनुरोध किया। बीएमओ के निर्देश पर लैब प्रभारी पूनाराम अहरवार द्वारा ए पॉजिटिव रक्त की व्यवस्था की गई। मरीज के समान रक्त समूह का रक्तदाता उपलब्ध नहीं होने पर सिविल अस्पताल हर्रई के वार्डबॉय धर्मेंद्र वमनेले ने स्वयं आगे आकर दिना 12 सितंबर को रक्तदान किया। इसके बाद दोपहर 3 बजे नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती शांति सोनवंशी द्वारा बच्ची को रक्त चढ़ाया गया। इस अवसर पर ब्लड स्टोरेज यूनिट प्रभारी डॉ. विनीत परस्ते, मेडिकल ऑफिसर डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डॉ. सुलभ मरावी, डॉ. पुरेंद्र भलावी, बीपीएम मनोज श्रीवास्तव, बीईई नारायण अहके सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

# दो बड़े वाहनों की सौगात मिलने से निगम के कार्यों को मिलेगी नई गति

## माहापौर ने वाहनों की विधिवत पूजन-अर्चन कर नगर सेवा के लिए किया समर्पित



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 सितंबर. नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम द्वारा लगातार अपने संसाधनों को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम के कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से निगम को दो बड़े हैवी वाहनों की सौगात प्राप्त हुई है।**

महापौर विक्रम अहके द्वारा इन दोनों वाहनों का विधिवत पूजन-अर्चन कर नगर सेवा के लिए समर्पित किया गया। नगर निगम द्वारा लगातार इस बात पर विशेष जोर दिया जा रहा है कि शहर के विकास कार्यों के साथ-साथ नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं को भी और बेहतर बनाया जाए।

इसके लिए निगम के मैदानी अमले को आवश्यक आधुनिक एवं उपयोगी संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में निगम के बेड़े में शामिल हुए इन दोनों हैवी वाहनों से विभिन्न आवश्यक कार्यों को गति मिलने के साथ ही जरूरत के समय इनका उपयोग नगरहित में प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। नगर निगम का प्रमुख उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## विकास के साथ संसाधनों को मजबूत करने पर जोर

नगर निगम द्वारा शहर के विकास के साथ-साथ स्वच्छता, जल व्यवस्था, सड़क, नाली, वर्षा जल निकासी, आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न नागरिक सेवाओं से जुड़े कार्यों को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक संसाधनों में लगातार वृद्धि की जा रही है। निगम के पास आधुनिक एवं सक्षम वाहनों की उपलब्धता से कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मैदानी कार्यों में सुविधा मिलेगी तथा विभिन्न कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने में मदद मिलेगी।इन दोनों हैवी वाहनों का उपयोग निगम की आवश्यकता एवं प्राथमिकता के अनुसार किया जाएगा। विशेष परिस्थितियों में इन वाहनों के माध्यम से तत्काल कार्रवाई करने में भी निगम को सहयोग मिलेगा। इससे न केवल निगम की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि नगरवासियों को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। वाहनों के पूजन एवं नगर सेवा के लिए समर्पण कार्यक्रम में नगर निगम सभापति चंद्रभान देवरे, संजीव रंगू यादव, मनोज कुशवाहा, माइकल पहाड़े, बंटी उइके, परमार रघुवंशी, बलराम साहू, वरिष्ठ नेता मनोज सक्सेना, अंकित डेहरिया, सिद्धार्थ सिंगारे सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर एसोसिएशन की हड़ताल को दिया समर्थन

**छिन्दवाड़ा.** बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर एसोसिएशन व डम्पर एवं टैक्टर यूनियन छिन्दवाड़ा की अनिश्चित कालीन हड़ताल में सम्मिलित हुए कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण। कांग्रेस ने जारी हड़ताल का समर्थन किया साथ ही शासन व प्रशासन से आग्रह किया कि हठधर्मिता को छोड़कर एसोसिएशन व यूनियन की जायज मांगों पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर उन्हें पूरा करें ताकि इस कार्य से जुड़े लोगों का घर और परिवार को भरण-पोषण पूर्व की तरह ही चलता रहे।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे के साथ कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में हड़ताल स्थल पर पहुंचकर उनकी जायज मांगों का समर्थन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर एसोसिएशन व डम्पर एवं टैक्टर यूनियन अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल पर है। उनकी मांगों को शासन व प्रशासन को अविलम्ब पूरा करना चाहिए।

## जिले में अभी तक 715 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा.** जिले की सामान्य औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 715 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 910.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 12 सितंबर 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 4.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 12 सितंबर 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील छिंदवाड़ा में 01, तामिया में 29, अमरवाड़ा में 2.4, चौरई में 1.2, हर्रई में 5.8, जुन्नारदेव में 5.4, चांद में 1.2 और उमरेठ में 0.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 409, मोहखेड़ में 499.9, तामिया में 962.2, अमरवाड़ा में 666.4, चौरई में 710.8, हर्रई में 1026.6, बिछुआ में 588.9, परासिया में 509.6, जुन्नारदेव में 740.6, चांद में 747.9 और उमरेठ में 879.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 15 सितंबर से

**छिंदवाड़ा.** उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिये किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 15 सितंबर से प्रारंभ होकर 10 अक्टूबर 6 तक किसान पंजीयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। किसान पंजीयनों के पर्यवेक्षण एवं मॉनीटरिंग के लिए जिला स्तरीय जिला उपार्जन समिति एवं उपखण्ड स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया गया है। पंजीयन एवं उपार्जन कार्य में आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिए तकनीकी समिति का भी गठन किया गया है।


**द्वितीय पुण्यतिथि**



जन्म- 10/10/1979 | **स्वं.श्री विजेन्द्र आमाडारे** | स्व.- 12/09/2024

**जीवन की एक सच्ची कहानी है, मृत्यू एक दिन सबको आनी है हमारी यही प्रार्थना है जो पुण्यात्मा हमारी बीच नहीं है, भगवान उन्हें मोक्ष प्रदान करे. आपका आर्शीवाद हम पर सदा बना रहे..**

**।। शोकाकुल परिवार ।।**

**शेल कुमारी आमाडारे -( पत्नी)**
**वैभव आमाडारे - (पुत्र)**
**एवं समस्त नवभारत परिवार**


# ड्राइवर-कंडक्टर घायल, लगातार दुर्घटनाओं के बावजूद सुरक्षा इंतजाम नाकाफीय तीखे मोड़ और उखड़े संकेतक बोर्ड बन रहे हादसों का सबब

# एक सप्ताह में नेशनल हाईवे पर पांचवां हादसा, बाघदेव घाटी में कंटेनर पलटा

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 12 सितंबर. छिंदवाड़ा-नरसिंहपुर नेशनल हाईवे पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक सप्ताह के भीतर पांचवें ट्रक हादसे ने हाईवे की सड़क सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

शनिवार को अमरवाड़ा से हर्रई की ओर जा रहा एक कंटेनर बाघदेव घाटी के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में कंटेनर चालक और कंडक्टर घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

लगातार सामने आ रही इन दुर्घटनाओं से स्पष्ट है कि हाईवे पर केवल वाहनों की आवाजाही ही नहीं बढ़ रही, बल्कि दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुरक्षा उपायों की कमी भी गंभीर चुनौती बनती जा रही है। सवाल यह है कि आखिर एक के बाद एक भारी वाहन पलटने के बाद भी जिम्मेदार विभागों की नींद क्यों नहीं टूट रही है।

**तीखे मोड़ और टर्निंग पर भारी वाहन हो रहे अनियंत्रित-**

स्थानीय लोगों के अनुसार छिंदवाड़ा-नरसिंहपुर मार्ग के कई हिस्सों में तीखे मोड़ और खतरनाक टर्निंग हैं। इन स्थानों पर वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है। भारी वाहनों के लिए यह चुनौती और बढ़ जाती है। तेज गति, अचानक सामने आने वाला मोड़ और पर्याप्त चेतावनी संकेतों का अभाव दुर्घटना की आशंका को बढ़ा देता है।लोगों का कहना है कि बाघदेव घाटी सहित अन्य दुर्घटना संभावित स्थानों पर सड़क की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार किए जाने की जरूरत है। केवल हादसे के बाद राहत और उपचार की व्यवस्था करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि हादसे रोकने के लिए पहले से प्रभावी इंतजाम करना जरूरी है।

**एक सप्ताह में पांच हादसे, फिर भी ठोस कार्रवाई का इंतजार-**
एक सप्ताह के भीतर पांच ट्रकों के अनियंत्रित होकर पलटने की घटनाओं ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। लगातार दुर्घटनाओं के बावजूद अब तक दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान, तकनीकी जांच और स्थायी सुधार की दिशा में ठोस पहल नजर नहीं आ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सड़क के खतरनाक मोड़ों, ढलानों और टर्निंग प्वाइंट का वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाए तो कई हादसों को रोका जा सकता है। इसके साथ ही भारी वाहनों की गति नियंत्रित करने, रिफ्लेक्टर, चेतावनी संकेतक और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था जैसे उपाय भी जरूरी हैं।

**कई जगह उखड़े पड़े हैं संकेतक बोर्ड-** हाईवे पर दुर्घटना संभावित स्थानों की जानकारी देने वाले संकेतक बोर्ड कई जगह उखड़े पड़े हैं। कुछ स्थानों पर बोर्ड लगे ही नहीं हैं, जबकि कई जगह लगे संकेतक स्पष्ट दिखाई नहीं देते। ऐसे में वाहन चालकों को खतरनाक मोड़ या आगे आने वाले टर्निंग प्वाइंट की जानकारी समय रहते नहीं मिल पाती।लोगों ने हाईवे के सभी संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर टर्निंग संकेतक बोर्ड, स्पीड लिमिट बोर्ड, रिफ्लेक्टर और अन्य सड़क सुरक्षा इंतजाम दुरुस्त कराने की मांग की है।


IPS COLLEGE | B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS | University Research Centre Biotechnology | ESTD-2001 26 Year

B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program | B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program | B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research | B.B.A. Honours

B.C.A. MCU / M.Sc. CS | B.Sc. Maths / B.Sc. Biology | B.Com. Honours / M.Com. | B.A. Honours / B.A. Computer

In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara | 97528-80383 97533-04877 | College Code - P-140 www.ipschw.com



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589